**1. किस आंदोलन के दौरान, लोगों ने ब्रिटिश उपाधियों को त्याग दिया और नई उपाधियाँ जैसे "लोकमान्य", "देशबन्धु", "देशप्रिया" और "पंजाब केसरी" विकसित कीं?**
(1) खेड़ा आन्दोलन (2) सविनय अवज्ञा आन्दोलन
(3) भारत छोड़ो आन्दोलन (4) असहयोग आन्दोलन
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**2. निम्नलिखित में से कौनसे सिद्धांत जैन धर्म से संबंधित हैं?**
(A) अनेकान्तवाद (B) प्रतीत्यसमुत्पाद
(C) स्याद्वाद (D) क्षणिकवाद
**दिए गए कूट के आधार पर सही उत्तर का चयन कीजिए:**
(1) (C) और (D) (2) (A) और (D)
(3) (A) और (C) (4) (B) और (C)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**3. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए -**

| सूची-A (क्रांतिकारी घटना): | सूची-B (घटना से संबंधित क्रांतिकारी): |
|---|---|
| (A) काकोरी कांड | (i) सूर्यसेन |
| (B) लाहौर षड्यंत्र | (ii) प्रफुल्ल चाकी, खुदीराम बोस |
| (C) चटगाँव शस्त्रालय पर छापा | (iii) भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव |
| (D) अलीपुर षड्यंत्र। | (iv) अशफाक उल्ला खाँ, रामप्रसाद, राजेन्द्र लाहिड़ी, रोशन सिंह। |

**सही कूट चुनिए:**
(1) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(iv)
(2) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(i), (D)-(ii)
(3) (A)-(ii), (B)-(iv), (C)-(i), (D)-(iii)
(4) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(iv), (D)-(i)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**4. शाहजहां ने निम्नलिखित में से किन स्मारकों का निर्माण करवाया था?**
(A) ताजमहल
(B) दिल्ली के समीप शाहजहांनाबाद नामक नगर
(C) दिल्ली की जामा मस्जिद (D) आगरा का किला
**सही कूट चुनिए:**
(1) (A) और (B) (2) (A), (B) और (C)
(3) (A) और (C) (4) सभी (A), (B), (C) और (D)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**5. लुई सोलहवें के शासनकाल में, "एस्टेट्स जनरल" की बैठक कब आरंभ हुई थी?**
(1) जुलाई 1788
(2) अगस्त 1788
(3) मई 1789
(4) अप्रैल 1789
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**6. "घुराब" और "गैलिवैट" शिवाजी की किस सशस्त्र सेना के अंग थे?**
(1) घुड़ सेना (2) नौसेना
(3) पदाति सेना (4) तोपखाना
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**7. अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम की निम्न घटनाओं को सही कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए:**
(A) स्टाम्प एक्ट पारित करना (B) बोस्टन टी पार्टी
(C) बोस्टन हत्याकाण्ड
(D) कांग्रेस का पहला अन्तरमहाद्वीपीय सम्मेलन
**सही कूट का चयन कीजिए:**
(1) (A), (C), (B), (D) (2) (C), (B), (A), (D)
(3) (A), (B), (C), (D) (4) (B), (C), (A), (D)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**8. कुसुलधान्य निम्नलिखित में से किस आश्रम का एक प्रकार है?**
(1) संन्यास (2) वानप्रस्थ
(3) ब्रह्मचर्य (4) गृहस्थ
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**9. किस गुप्तकालीन खगोलशास्त्री ने अपनी पुस्तक में खगोलीय यंत्रों का उल्लेख किया है?**
(1) आर्यभट्ट (2) ब्रह्मगुप्त
(3) सुश्रुत (4) वराहमिहिर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**10. मोहनजोदड़ो से प्राप्त विशाल स्नानागार के संबंध में, निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प सही है?**
(A) यह उत्तर-दक्षिण दिशा में 180 फीट और पूर्व-पश्चिम दिशा में 108 फीट तक फैला हुआ था।
(B) प्रवेश द्वार की सीढ़ियों पर लकड़ी के पटिये (तख़्ते) लगे हुए थे।
(C) पानी के रिसाव को रोकने के लिए इसके फर्श में जिप्सम का उपयोग किया गया था।
**दिए गए कूट की सहायता से सही विकल्प चुनिए:**
(1) (B) और (C) (2) (A), (B) और (C)
(3) (A) और (B) (4) केवल (A)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**11. 1925 ईस्वी में, प्रसिद्ध उदारवादी नेता सुरेन्द्रनाथ बनर्जी द्वारा लिखित आत्मकथा का नाम क्या था?**
(1) ए नेशन इन मेकिंग (2) इंडिया विन्स फ्रीडम
(3) एन इंडियन पिलग्रिम (4) माय कन्ट्री माय लाईफ
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**12. महाबलीपुरम का शोर मंदिर, निम्नलिखित में से किस मंदिर शैली का उदाहरण है?**
(1) राजसिंह शैली (2) महेन्द्रवर्मन शैली
(3) अपराजिता शैली (4) मामल्ल शैली
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**13. सिन्धु घाटी सभ्यता के स्थल जो कि सूची-A में दिए गए हैं उनको सूची-B की विषयवस्तु से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-A: | सूची-B: |
|---|---|
| (A) कालीबंगा | (i) नाम पट्टिका |
| (B) धोलावीरा | (ii) 5 पुरातात्विक टीले |
| (C) राखीगढ़ी | (iii) घग्गर नदी के तट पर |
| (D) बनावली। | (iv) हल का एक टेराकोटा मॉडल |

**सही विकल्प चुनिए:**
(1) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(i), (D)-(iv)
(2) (A)-(iv), (B)-(ii), (C)-(i), (D)-(iii)
(3) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(iv)
(4) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iv)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**14. 1857 के विद्रोह के निम्नलिखित स्थानों को विद्रोह के आरंभ होने के समय के अनुसार कालानुक्रमिक व्यवस्थित करें और सही उत्तर का चयन करें:**
(A) कानपुर (B) रानीगंज
(C) अलीगढ़ (D) लखनऊ
(1) (D), (C), (A), (B) (2) (C), (D), (A), (B)
(3) (D), (A), (C), (B) (4) (C), (A), (B), (D)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**15. वर्साय की संधि के प्रावधानों के बारे में, निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है?**
(1) यूपेन व मालमेडी, बेल्ज़ियम को सौंप दिये गये।
(2) पश्चिमी प्रशा का बड़ा भाग पोलैण्ड को दिया गया।
(3) डेंज़िग को स्वतंत्र नगर के रूप में ब्रिटेन के अधिकार में रखा गया।
(4) जर्मनी को अलसैस और लोरेन के प्रान्त फ्रान्स को सौंपने पड़े।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**16. भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान, गुजरात (अहमदाबाद) में स्थापित समानांतर सरकार को कहा जाता था -**
(1) जातीय सरकार (2) सेवा दल
(3) आज़ाद सरकार (4) स्वराज पंचायत
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[*]**

**17. "समंदर लागी आगि...." (समुद्र में आग लग गई है) भक्ति आंदोलन के संत की पंक्ति से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
(A) यह कबीर की "उलट बाँसी" रचना है।
(B) यह रैदास की सगुण (भक्ति-प्रधान) रचना है।
(C) उक्त पंक्ति रहस्यवादी अनुभूतियों को दर्शाती है।
**सही कूट चुनिए:**
(1) केवल (B), (C) सत्य हैं
(2) तीनों (A), (B) और (C) सत्य हैं
(3) केवल (A), (C) सत्य हैं
(4) केवल (A) सत्य है (5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**18. उपनयन संस्कार के दौरान, गुरु विद्यार्थी को कौनसे मंत्र की शिक्षा गुरु मंत्र में देते थे?**
(1) सरस्वती बीज मंत्र (2) अग्नि मंत्र
(3) गणेश मंत्र (4) सावित्री मंत्र
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**19. मौर्य इतिहास के स्रोतों से संबंधित कौनसे कथन सत्य हैं?**
(A) अशोक के 9वें शिलालेख के अनुसार, दासों के प्रति अच्छा व्यवहार भी धम्म का ही अनुशीलन है।
(B) कनगनहल्ली, कर्नाटक से अशोक की एक प्रस्तर प्रतिमा प्राप्त हुई है।
(C) कलसी, उत्तराखण्ड से अशोक के शिलालेख प्राप्त हुए हैं।
सही कूट पहचानिए:
(1) (A) और (C) (2) सभी (A), (B) और (C)
(3) (A) और (B) (4) (B) और (C)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**20. निम्नलिखित में से कौनसा सुमेलित नहीं है?**

| **स्थान -** | **दक्षिण-पश्चिम मानसून के शुरुआत की सामान्य तिथियां** |
|---|---|
| (1) बेंगलुरु - | 1 जून तथा 5 जून के मध्य |
| (2) चेन्नई - | 25 मई तथा 1 जून के मध्य |
| (3) नागपुर - | 10 जून तथा 15 जून के मध्य |
| (4) इम्फाल - | 5 जून तथा 10 जून के मध्य |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**21. जनगणना 2011 में, जनगणना 2001 की तुलना में, निम्नलिखित में से किस राज्य में लिंगानुपात में सर्वाधिक वृद्धि अंकित की गई?**
(1) केरल (2) नागालैण्ड
(3) अरुणाचल प्रदेश (4) मिज़ोरम
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**22. निम्नलिखित प्रायद्वीपीय पहाड़ियों का उत्तर से दक्षिण का सही क्रम है -**
(1) नल्लामलाई, पालकोण्डा, शेवरॉय, जावदी
(2) पालकोण्डा, नल्लामलाई, जावदी, शेवरॉय
(3) शेवरॉय, जावदी, पालकोण्डा, नल्लामलाई
(4) नल्लामलाई, पालकोण्डा, जावदी, शेवरॉय
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**23. अटलाण्टिक महासागर में, निम्नलिखित में से कौनसा गर्त/खाई भूमध्य रेखा के निकट अवस्थित है?**
(1) दक्षिण सैण्डविच (2) प्यूर्टो रिको
(3) केमैन (4) रोमांशे
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**24. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?**
(1) पृथ्वी पर महाद्वीप तथा महासागर एक-दूसरे के प्रतिध्रुव स्थिति पर हैं।
(2) महाद्वीपीय भाग मोटे तौर पर त्रिभुजाकार आकृति में फैले हैं। ऑस्ट्रेलिया तथा अंटार्कटिका इस नियम के अपवाद हैं।

(3) मोटे तौर पर, महासागर भी त्रिभुजाकार हैं।
(4) उत्तरी ध्रुव तथा दक्षिणी ध्रुव के चतुर्दिक समुद्री जल का विस्तार है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**25. जनगणना-2011 के अनुसार, राजस्थान में ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र में वर्ष 2011 में बाल लिंगानुपात था-**

| ग्रामीण | नगरीय |
|---|---|
| (1) 933 | 914 |
| (2) 892 | 874 |
| (3) 890 | 874 |
| (4) 888 | 872 |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**26. भारत में 'स्टार्टअप इंडिया' पहल किस वर्ष शुरू की गई?**
(1) 2019 (2) 2014
(3) 2024 (4) 2016
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**27. उपोष्णकटिबन्धीय उच्च दाब मेखला के संबंध में, निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?**
(1) यह मेखला तापीय जन्य नहीं है।
(2) यह दोनों गोलार्दों में 25° से 35° अक्षांशों के मध्य विस्तृत है।
(3) इसकी उत्पत्ति का कारण पृथ्वी का परिक्रमण है।
(4) यह मेखला अश्व अक्षांश भी कहलाती है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**28. निम्नलिखित में से कौनसा सुमेलित नहीं है?**

| तांबा जमाव क्षेत्र | जिला |
|---|---|
| (1) धोलामाला | सवाई माधोपुर |
| (2) वारी | चित्तौड़गढ़ |
| (3) हनोतिया | अजमेर |
| (4) देवपुरा-बनेड़ा | भीलवाड़ा |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**29. इण्डिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट-2023 के अनुसार, भारत के किस राज्य में उसके कुल भौगोलिक क्षेत्रफल में अभिलेखित वन क्षेत्र का प्रतिशत सर्वाधिक था?**
(1) सिक्किम (2) मणिपुर
(3) मध्य प्रदेश (4) अरुणाचल प्रदेश
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**30. लघु ज्वार की कितने अंतराल पर पुनरावृत्ति होती है?**
(1) पखवाड़ा (2) 12 घंटे 26 मिनट
(3) 6 महीने (4) 24 घंटे 52 मिनट
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**31. कौनसा सही सुमेलित नहीं है?**

| स्थानीय पवन | देश |
|---|---|
| (1) जोंडा | अर्जेंटीना |
| (2) पुर्गा | पुर्तगाल |
| (3) तेहुन्तेपेसर | मेक्सिको |
| (4) यामो | जापान |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**32. 'नुई आर्डेंटे' किस प्रकार के ज्वालामुखी उद्भेदनों से संबंधित है?**
(1) पीलियन तुल्य (2) वल्कैनियन तुल्य
(3) हवाईयन तुल्य (4) स्ट्रॉम्बोलियन तुल्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**33. अभिकथन (A) : अधिक गहरे उद्गम केन्द्रित उच्च तीव्रता वाले भूकम्प, संरचनात्मक प्लेट सीमाओं पर आते हैं।**
**कारण (R) : प्लेटों के आपस में टकराने से एक प्लेट का क्षेपण दूसरी प्लेट के नीचे हो जाता है।**
(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है
(2) (A) असत्य है किन्तु (R) सत्य है
(3) (A) सत्य है किन्तु (R) असत्य है
(4) (A) और (R) दोनों सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**34. पश्चिमी राजस्थान में, निम्नलिखित में से किस प्रकार के पवनानुवर्ती बालुका स्तूप पाये जाते है/हैं?**
(A) सीफ (B) वनस्पतियुक्त रेखीय
(C) बरखान (D) पवनविमुख रेखीय
**नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए।**
(1) केवल (A) (2) (A), (B) तथा (D)
(3) (B), (C) तथा (D) (4) (A), (B), (C) तथा (D)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**35. जब लन्दन में दोपहर के 12 बजे हैं, तो चेन्नई (80° पूर्व) तथा न्यूयॉर्क (74° पश्चिम) में स्थानीय समय क्रमशः क्या होगा?**
(1) 5:04 PM तथा 7:12 AM
(2) 7:04 PM तथा 5:24 AM
(3) 7:12 PM तथा 5:20 AM
(4) 5:20 PM तथा 7:04 AM
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**36. निम्नलिखित में से कौनसा सुमेलित नहीं है?**

| मृदा (यू.एस.डी.ए. वर्गीकरण के अनुसार) | वितरण |
|---|---|
| (1) अल्फिसोल्स | टोंक, करौली, दौसा |
| (2) वर्टिसोल्स | झालावाड़, कोटा, बूंदी |
| (3) एंटिसोल्स | जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर |
| (4) इनसेप्टिसोल्स | जालौर, बालोतरा, सीकर |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**37. एडवर्ड स्वेस के अनुसार, सीमा (Sima) परत के सन्दर्भ में कौनसा कथन असत्य है?**
(1) इस परत का औसत घनत्व 2.9 से 4.7 के मध्य है।
(2) इस परत में क्षारीय पदार्थों की प्रचुरता होती है।
(3) सियाल परत के ठीक नीचे सीमा परत स्थित होती है।
(4) इस परत की रचना अधिकांशतः ग्रेनाइट चट्टान से हुई है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**38. 'एप्लेटन परत' पायी जाती है -**
(1) क्षोभमण्डल में (2) आयनमण्डल में
(3) बहिर्मण्डल में (4) मध्यमण्डल में
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**39. आर्थिक समीक्षा 2025-26 के अनुसार, सेवा क्षेत्र के कौनसे उप-क्षेत्रों ने वित्तीय वर्ष 2025 (अनंतिम अनुमान) के दौरान मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद में उच्चतम योगदान प्रदर्शित किया है?**
(1) लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाएं
(2) संचार और प्रसारण से सम्बन्धित सेवाएं
(3) व्यापार, होटल और परिवहन
(4) वित्तीय, वास्तविक परिसंपदा और व्यावसायिक सेवाएँ
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**40. संरचनात्मक मुद्रास्फीति उत्पन्न होने के कारण हो सकते हैं-**
(a) मुद्रा की पूर्ति में वृद्धि
(b) उत्पादन के साधनों की अगतिशीलता
(c) सामाजिक ढांचे में कठोरताएं
**सही विकल्प चुनें -**
(1) केवल (a) और (c) सही हैं
(2) केवल (a) और (b) सही हैं
(3) केवल (b) और (c) सही हैं
(4) (a), (b) और (c) सभी सही हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**41. साख विस्तार से निवेश गतिविधियां बढ़ेंगी, जब केंद्रीय बैंक -**
(a) बैंक दर घटाये (b) बैंक दर बढ़ाये
(c) प्रतिभूतियों को खुले बाजार में बेचे
(d) प्रतिभूतियों को खुले बाजार से खरीदे
**सही विकल्प चुनें -**
(1) केवल (a) और (b) सही हैं
(2) केवल (b) और (c) सही हैं
(3) केवल (a) और (c) सही हैं
(4) केवल (a) और (d) सही हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**42. व्यापारिक बैंकों की विशुद्ध सावधि जमाएं मुद्रा की पूर्ति के किन मापों के घटक हैं?**
(1) $M_3$ और $M_4$ (2) $M_4$ और $M_1$
(3) $M_1$ और $M_2$ (4) $M_2$ और $M_3$
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**43. सममित आवृत्ति बंटन में, माध्य ($\overline{X}$), माध्यिका (M) एवं बहुलक (Z) के मध्य सम्बन्ध होता है -**
(1) $X - Z = 3\,(\overline{X} - M)$
(2) $(\overline{X} - M = 3(\overline{X} - Z)$
(3) $(\overline{X} = M = Z)$
(4) $(\overline{X} > M > Z)$
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**44. निम्न में से कौनसा एक कथन मानव विकास रिपोर्ट 2025 के अनुसार, वर्ष 2023 के लिए भारत के लिए असमानता-समायोजित शिक्षा सूचकांक के संबंध में सही नहीं है?**
(1) भारत के लिए इस सूचकांक का मान भूटान के सूचकांक से अधिक है।
(2) भारत के लिए इस सूचकांक का मान 0.472 है।
(3) भारत के लिए इस सूचकांक का मान नेपाल के सूचकांक से अधिक है।
(4) भारत के लिए इस सूचकांक का मान बांग्लादेश के सूचकांक से अधिक है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**45. निम्न में से कौनसी अभिव्यंजनाएं, राष्ट्रीय आय समग्र के बारे में सही हैं?**
(a) बाजार कीमतों पर विशुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद - विशुद्ध परोक्ष कर = राष्ट्रीय आय
(b) बाजार कीमतों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद - विदेशों से प्राप्त विशुद्ध साधन आय = बाजार कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद
(c) बाजार कीमतों पर विशुद्ध घरेलू उत्पाद + परोक्ष कर - अनुदान = साधन लागत पर विशुद्ध घरेलू उत्पाद
**सही उत्तर चुनिये:**
(1) केवल (b) और (c) सही हैं
(2) (a), (b) और (c) सभी सही हैं
(3) केवल (a) और (b) सही हैं
(4) केवल (a) और (c) सही हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**46. भारत में राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक, निम्न में से किन क्षेत्रों में अभाव को मापता है?**
(1) स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर
(2) स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजलापूर्ति
(3) स्वास्थ्य, दीर्घायुत्व और जीवन स्तर
(4) शिक्षा, उपभोग स्तर और आय का स्तर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**47. वर्ष 2025 में, भारत सरकार ने कितने श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में समेकित किया है?**
(1) 29 (2) 41
(3) 35 (4) 22
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**48. सूची-I का सूची-II से सुमेलन कीजिए और नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:**

| सूची-I (मुद्रा का प्रकार) | सूची-II (अर्थ) |
|---|---|
| (i) अधिदिष्ट मुद्रा | (a) मुद्रा, जिसे भुगतानकर्ता और प्राप्तकर्ता के बीच विश्वास के कारण विनिमय के माध्यम के रूप में स्वीकार किया जाता है। |
| (ii) न्यासी मुद्रा | (b) सरकार के आदेश के द्वारा जारी की गई मुद्रा। |

| | |
|---|---|
| (iii) पूर्णकाय मुद्रा | (c) वस्तु का मूल्य मुद्रा के मूल्य के बराबर होता है। |
| (iv) साख मुद्रा | (d) मुद्रा का मूल्य वस्तु के मूल्य से अधिक होता है। |

कूट:
(1) (i)-(b), (ii)-(a), (iii)-(c), (iv)-(d)
(2) (i)-(a), (ii)-(b), (iii)-(d), (iv)-(c)
(3) (i)-(b), (ii)-(c), (iii)-(d), (iv)-(a)
(4) (i)-(a), (ii)-(c), (iii)-(d), (iv)-(b)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**49. निम्न में से कौनसा सही नहीं है?**
(1) $\sum(X-\overline{X})^2$ न्यूनतम होता है।
(2) $\overline{X}_{12} \frac{N_1\overline{X}_1+N_2\overline{X}_2}{N_1 \, . \, N_2}$
(3) यदि $N_1 = 25, \overline{X}_1 = 61, N_2 = 35$ एवं $\overline{X}_2 = 58$ हो तो $\overline{X}_{12}$=59.25
(4) $\sum(X-\overline{X}) = 0$ न्यूनतम होता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**50. किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए, केंद्र सरकार 22 अधिसूचित फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा करती है, इसमें खरीफ, रबी एवं वाणिज्यिक फसलों की संख्या क्रमशः है -**
(1) 13, 6, 3 (2) 15, 4, 3
(3) 14, 6, 2 (4) 16, 4, 2
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**51. वस्तु की बाजार पूर्ति के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौनसे कथन सत्य हैं?**
(a) बाजार में किसी वस्तु के पूर्ति वक्र को, व्यक्तिगत उत्पादकों के पूर्ति वक्रों के लम्बवत योग के द्वारा प्राप्त किया जाता है।
(b) बाजार पूर्ति वक्र, बाजार में वस्तु के उत्पादकों की संख्या पर निर्भर करता है।
(c) समय के साथ कुछ उत्पादकों के बाजार में प्रवेश करने या बाहर जाने पर बाजार पूर्ति वक्र विवर्तित हो जाता है।
**सही विकल्प चुनिये:**
(1) (a), (b) व (c) सभी सही हैं
(2) केवल (a) व (b) सही हैं
(3) केवल (b) सही है
(4) केवल (b) व (c) सही हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**52. वस्तु की बाजार माँग दी हुई होने पर, बाजार आपूर्ति घटने पर -**
(1) साम्य कीमत में कमी होती है।
(2) साम्य कीमत एवं साम्य मात्रा दोनों में कमी आती है।
(3) साम्य मात्रा बढ़ जाती है।
(4) साम्य कीमत बढ़ जाती है लेकिन साम्य मात्रा में कमी आती है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**53. आर्थिक समीक्षा 2025-26 के अनुसार, नेशनल मिशन ऑन मैन्युफैक्चरिंग के संबंध में निम्न कथनों पर विचार करें -**
(a) नेशनल मिशन ऑन मैन्युफैक्चरिंग की घोषणा केन्द्रीय बजट 2024-25 में की गई थी।
(b) इसका उद्देश्य वर्ष 2047 तक सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) में विनिर्माण क्षेत्र के योगदान को दोगुना करना है।
**सही विकल्प चुनिये:**
(1) (a) और (b) दोनों गलत हैं (2) केवल (a) सही है
(3) केवल (b) सही है (4) (a) और (b) दोनों सही हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**54. भारत में वस्तुओं और सेवाओं पर कर (जी.एस.टी.) परिषद के सम्बन्ध में, निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?**
(1) प्रधानमंत्री जी.एस.टी. परिषद के अध्यक्ष होते हैं।
(2) राजस्व या वित्त के प्रभारी केंद्रीय राज्य मंत्री जी.एस.टी. परिषद के सदस्य होते हैं।
(3) जी.एस.टी. परिषद के सचिवालय का कार्यालय नई दिल्ली में स्थित है।
(4) केंद्र सरकार ने 12 सितम्बर 2016 को जी.एस.टी. परिषद के गठन की स्वीकृति प्रदान की।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**55. राष्ट्रीय आय की गणना करते समय, निम्न में से कौनसे बाजार सौदों को शामिल नहीं किया जाता है?**
(a) आकस्मिक लाभ और हानियाँ
(b) हस्तान्तरण भुगतान
(c) अवैध गतिविधियों से आय
**सही विकल्प चुनें:**
(1) केवल (a) और (b) सही हैं
(2) (a), (b) और (c) सभी सही हैं
(3) केवल (a) और (c) सही हैं
(4) केवल (b) और (c) सही हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**56. आर्थिक समीक्षा 2025-26 के अनुसार, भारत में मातृत्व मृत्युदर (एम.एम.आर.) और शिशु मृत्युदर (आई.एम.आर.) के संबंध में, निम्न कथनों पर विचार करें तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये -**
(a) भारत में मातृत्व मृत्युदर (एम.एम.आर.) 1990 से 86 प्रतिशत घट गई है।
(b) भारत में शिशु मृत्युदर (आई.एम.आर.) 2013 में प्रति हजार जीवित जन्मों पर 40 मौतों से घटकर 2023 में प्रति हजार जीवित जन्मों पर 30 मौतों तक आ गई।
**कूट:**
(1) केवल (a) सही है (2) (a) और (b) दोनों गलत हैं
(3) (a) और (b) दोनों सही हैं (4) केवल (b) सही है
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**57. निम्न में से कौनसे कथन बहुलक के बारे में सत्य हैं?**
(a) बहुलक चरम मूल्यों से अनावश्यक रूप से प्रभावित नहीं होता है।
(b) इसके मूल्य का निर्धारण खुले सिरे वाले बंटन के लिए, वर्ग अंतराल का निर्धारण किये बिना किया जा सकता है।
(c) बहुलक के मूल्य का निर्धारण रेखाचित्र की सहायता से नहीं किया जा सकता है।
(d) बहुलक बंटन का सर्वाधिक प्रतिनिधित्व करने वाला मूल्य है।
**सही विकल्प चुनिये:**
(1) (a), (b) और (c) सही हैं
(2) (b), (c) और (d) सही हैं
(3) (a), (c) और (d) सही हैं
(4) (a), (b) और (d) सही हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**58. लोकसभा में अल्पकालीन चर्चा के सम्बन्ध में, निम्नलिखित में से कौनसा कथन गलत है?**
(1) यह लोकसभा की कार्यप्रणाली और कार्यसंचालन के नियमों में, नियम 377 के तहत सम्मिलित है।
(2) इस प्रावधान के तहत सदन के समक्ष कोई औपचारिक प्रस्ताव या मतदान नहीं होता।
(3) संसद के सदस्य सार्वजनिक महत्व के किसी अत्यावश्यक मामले पर अल्पकालिक चर्चा कर सकते हैं।
(4) अल्पकालीन चर्चा के लिए आवंटित समय दो घण्टे से अधिक नहीं होगा।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**59. G-20 शिखर सम्मेलन से सम्बन्धित, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -**
(I) वर्ष 2025 में G-20 शिखर सम्मेलन जोहान्सबर्ग में आयोजित किया गया।
(II) वर्ष 2025 में G-20 शिखर सम्मेलन का विषय "रिकवर टुगेदर, रिकवर स्ट्रॉन्गर" था।
**सही विकल्प चुनिए:**
(1) (I) एवं (II) दोनों सही हैं
(2) केवल (II) सही है
(3) न तो (I) ना ही (II) सही है
(4) केवल (I) सही है
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**60. मैक्स वेबर द्वारा वर्णित परम्परागत सत्ता से सम्बन्धित, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -**
(I) इस प्रकार की सत्ता में, अधीनस्थ किसी नियम को इस आधार पर स्वीकार करते हैं कि वह उच्चस्तरीय सार्वभौम नियमों के साथ सम्मत है जिसे वे औचित्यपूर्ण समझते हैं।
(II) इस प्रकार की सत्ता में, प्रत्यायोजन तदर्थ एवं स्वेच्छाचारी होता है।
**सही विकल्प चुनिए:**
(1) केवल (I) सही है
(2) न तो (I) ना ही (II) सही है
(3) केवल (II) सही है
(4) (I) एवं (II) दोनों सही हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**61. पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम (पेसा) के उपबन्धों से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -**
(I) पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम (पेसा) के उपबन्ध 24 दिसम्बर 1996 में लागू हुए।
(II) पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम (पेसा) के उपबन्ध भारत के 7 राज्यों में लागू हैं।
**उपर्युक्त में से सही कथन/कथनों का चयन कीजिए:**
(1) न तो (I) ना ही (II) सही है
(2) केवल (II) सही है
(3) (I) एवं (II) दोनों सही हैं
(4) केवल (I) सही है
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**62. संविधान के अनुच्छेद 14 के अंतर्गत, समानता के मूल अधिकार के न्यायिक निर्वचनों से संबंधित, निम्नांकित कथनों में से कौनसा त्रुटिपूर्ण है?**
(1) 'नैसर्गिक न्याय' का सिद्धांत इसमें निहित है।
(2) यह नागरिक या गैर-नागरिक, सभी व्यक्तियों पर लागू होता है, मगर विधिक व्यक्तियों पर नहीं।
(3) यह राज्य की कार्रवाइयों में मनमानेपन का निषेध करता है।
(4) यह युक्तियुक्त वर्गीकरण की अनुमति देता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**63. रूसो के स्वतंत्रता पर विचारों से सम्बन्धित, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -**
(I) कोई व्यक्ति व्यक्तिगत दासता से मुक्त होने पर ही स्वतंत्र होता है।
(II) कानून के पालन के द्वारा स्वतन्त्रता प्राप्त की जा सकती है।
**उपर्युक्त में से सही कथन/कथनों का चयन कीजिए:**
(1) केवल (I) सही है
(2) न तो (I) ना ही (II) सही है
(3) केवल (II) सही है
(4) (I) एवं (II) दोनों सही हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**64. वर्ष 2025-2026 में, भारत निम्नलिखित में से किसका सदस्य था?**
(1) सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य
(2) संयुक्त राष्ट्र शान्ति स्थापना आयोग
(3) संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद
(4) संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**65. निम्नलिखित में से कौनसा उत्तर-आधुनिकतावाद का एक लक्षण नहीं है?**
(1) यह सभी 'मानक प्राधिकारों' का विरोध करता है।
(2) यह सिद्धांतों की सशर्तता और ऐतिहासिकता पर बल देता है।
(3) यह सृजन और व्याख्या की प्रक्रियाओं के बजाए स्थिर वस्तुओं या विचारों पर केन्द्रित है।
(4) यह 'अंतिमता' के बजाय 'अनिश्चितता' को प्राथमिकता देता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**66. सन् 2015 में, किस पड़ोसी देश के साथ भारत ने 1974 के भू-सीमा समझौते एवं इसके 2011 के प्रोटोकॉल का अनुसमर्थन किया, ताकि इसके साथ के समस्त मौजूदा भू-सीमा के मुद्दे सुलझाए जा सकें?**
(1) बांग्लादेश (2) भूटान
(3) नेपाल (4) म्यांमार
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**67. निम्नलिखित में से कौनसा एक ऑपरेशन भारत से नक्सलवाद के खात्मे से जुड़ा नहीं है?**
(1) ऑपरेशन स्टीपलचेज़ (2) ऑपरेशन प्रहार
(3) ऑपरेशन ब्लैक टॉरनेडो (4) ऑपरेशन थंडरस्टॉर्म
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**68. राजनीति विज्ञान के क्षेत्र के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौनसा युग्म जिसमें एक दृष्टिकोण और उसके समर्थक शामिल हैं, सही नहीं है?**
(1) समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण - जॉर्ज ई.जी. कैटलिन
(2) राजनीति विज्ञान का स्वायत्त स्वरूप - नॉर्मन जेकबसन
(3) ऐतिहासिक दृष्टिकोण - जॉर्ज एच. सैबाइन
(4) एक समन्वयात्मक दृष्टिकोण - लियो स्ट्रॉस
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**69. निम्नलिखित में से कौनसे राजनीतिक दल 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान न तो भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (इंडिया) और ना ही राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा थे?**
(i) ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन
(ii) भारत राष्ट्र समिति
(iii) युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी
(iv) बीजू जनता दल
**सही विकल्प का चयन करें:**
(1) केवल (i), (ii) और (iv) (2) केवल (ii), (iii) और (iv)
(3) सभी (i), (ii), (iii) और (iv)
(4) केवल (i), (ii) और (iii) (5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**70. निम्नलिखित में से कौनसे विद्वान "वैज्ञानिक मूल्य सापेक्षवाद" सिद्धान्त के प्रतिपादक हैं?**
(1) अर्नाल्ड ब्रेश्ट (2) माइकल ओकशॉट
(3) डेविड ईस्टन (4) हन्ना आरेन्ट
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**71. इमैनुअल वालरस्टीन के दृष्टिकोण के अनुसार, निम्नलिखित में से कौनसी राष्ट्र राज्यों की एक विशेषता नहीं है?**
(1) विश्व-व्यवस्था का स्थायित्व राष्ट्र-राज्यों का तीन वर्गों (केन्द्र राज्य, अर्द्ध-परिधि राज्य और परिधि राज्य) में संरचनात्मक विभाजन है।
(2) वे सम्पूर्ण विश्व-व्यवस्था के सावयवी एवं अन्तस्थ हिस्से हैं।
(3) वे पूंजीवादी विश्व अर्थव्यवस्था के स्वायत्त कामकाज में हस्तक्षेप करने से बचते हैं ताकि लाभ, आय और फायदे सभी समूहों में व्यापक रूप से वितरित किए जा सकें।
(4) राज्यों के मध्य प्रतियोगिता विश्व-व्यवस्था की गत्यात्मक शक्ति है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**72. संविधान (छियासीवाँ संशोधन) अधिनियम, 2002 के संबंध में, निम्नलिखित कथनों में से कौनसा एक सही नहीं है?**
(1) यह अधिनियम 1 अप्रैल 2010 को लागू हुआ।
(2) इस अधिनियम ने अनुच्छेद 21 में एक नया अनुच्छेद 21क जोड़ा।
(3) इस अधिनियम द्वारा 'शिक्षा का अधिकार' प्रस्तावित किया गया था।
(4) इस अधिनियम को 1 अप्रैल 2002 को राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त हुई।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**73. निम्नलिखित में से कौनसे ब्रिक्स के भागीदार देश है?**
(I) इण्डोनेशिया (II) कज़ाकिस्तान
(III) क्यूबा (IV) वियतनाम
**सही विकल्प चुनिए:**
(1) केवल (I) एवं (II) (2) केवल (II), (III) एवं (IV)
(3) केवल (II) एवं (III) (4) केवल (I), (II) एवं (III)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[*]**

**74. राजनीति विज्ञान के उपागमों से सम्बन्धित, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -**
(I) अनुभवमूलक उपागम मुख्य रूप से वर्णनात्मक होता है, जबकि मानकीय उपागम मुख्य रूप से निर्देशात्मक होता है।
(II) अनुभवमूलक उपागम उन नियमों से सम्बन्धित है जो परिवर्तनीय हैं, जबकि मानकीय उपागम उन नियमों की खोज करता है जो अपरिवर्तनीय हैं।
**सही विकल्प चुनिए:**
(1) केवल (II) सही है
(2) केवल (I) सही है
(3) (I) एवं (II) दोनों सही हैं
(4) न तो (I) ना ही (II) सही है
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**75. 44वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1978 द्वारा सम्पत्ति के मूल अधिकार (अनुच्छेद 31) के निरसन के**

**समानांतर, किस राज्य के नीति निदेशक तत्व को संविधान में अंतःस्थापित किया गया?**
(1) उद्योगों के प्रबंध में कर्मकारों का भाग लेना
(2) कुछ दशाओं में काम और लोक-सहायता पाने का अधिकार
(3) आय की असमानताओं को कम करने का प्रयास
(4) सहकारी समितियों का प्रोन्नयन
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**76. समानता की अवधारणा और उसके समर्थक विद्वान के त्रुटिपूर्ण युग्म को पहचानिए -**
(1) संसाधनों की समानता - रोनाल्ड ड्वोरकिन
(2) सामर्थों की समानता - अमर्त्य सेन
(3) कल्याण की समानता - जेरेमी बेंथम
(4) जटिल समानता - रिचर्ड जे. अर्नेसन
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**77. साम्प्रदायिकता की मूल विचारधारा क्या है?**
(1) यह स्वतः स्फूर्त रूप से उभरने वाला एक विचार है।
(2) यह विश्वास कि सभी धर्मों को शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व में रहना चाहिए।
(3) यह विचार कि समाज धार्मिक समुदायों में विभाजित है, जिनके हित अलग-अलग और अक्सर परस्पर विरोधी होते हैं।
(4) प्राचीन धार्मिक ग्रंथों और उनके ऐतिहासिक प्रभाव का अध्ययन।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**78. निम्नलिखित में से कौनसे परम्परागत हिन्दू विवाह में एक उच्च वर्ण (जाति) की महिला निम्न वर्ण (जाति) के पुरुष से विवाह करती है?**
(1) अनुलोम (2) प्रतिलोम
(3) प्रजापत्य (4) ब्रह्म
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**79. जब समूह का कोई सदस्य समूह के साथ अन्तःक्रिया करना बंद कर देता है, फिर भी दूसरे लोग उसे सदस्य मानते हैं, तो ऐसे सदस्य को कहते हैं -**
(1) सदस्यतासमर्थ (पोटेंशियल) समूह सदस्य
(2) नाममात्रीय समूह सदस्य (3) स्व-समूह द्रोही
(4) सीमास्थित समूह सदस्य (5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**80. 'जब उद्यमी अधिक लाभ कमाते हैं, तो वे उसे व्यवसाय में निवेश करते हैं जिससे रोजगार बढ़ता है, लेकिन जब उन्हें कम लाभ मिलता है या उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है अथवा उनके उत्पाद बिना बिके रह जाते हैं और जमा हो जाते हैं, तो वे अपने उद्योगों में कामगारों की संख्या कम कर देते हैं जिससे बेरोजगारी उत्पन्न होती है।'**
**यह किस प्रकार की बेरोजगारी का उदाहरण है?**
(1) शास्त्रीय बेरोजगारी (2) मौसमी बेरोजगारी
(3) तकनीकी बेरोजगारी (4) चक्रीय बेरोजगारी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**81. निम्नलिखित में से कौन समाजशास्त्र के वैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य से सम्बन्धित नहीं हैं?**
(1) आर. के. मर्टन (2) टी. पार्सन्स
(3) ई. दुर्खीम (4) पीटर बर्गर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**82. निम्नांकित में से कौनसी विशेषता संस्था की नहीं है?**
(1) उद्देश्य (2) सामूहिक प्रयत्न
(3) प्रतीक (4) अस्थायी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**83. लोकपाल तथा लोकायुक्त अधिनियम, 2013 कब लागू हुआ?**
(1) 16 जनवरी 2014 (2) 17 दिसम्बर 2013
(3) 18 दिसम्बर 2013 (4) 15 जनवरी 2015
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**84. निम्न में से कौनसा प्रदत्त प्रस्थिति के निर्धारण का आधार नहीं है?**
(1) नातेदारी (2) लिंग
(3) सम्पत्ति (4) प्रजाति
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**85. निम्नलिखित में से कौनसा एम.एन. श्रीनिवास द्वारा उल्लेखित प्रभु जाति के छः लक्षणों में से एक नहीं है?**
(1) कृषि योग्य भूमि की बड़ी मात्रा
(2) स्थानीय पदानुक्रम में उच्च स्थान
(3) जातीय संस्तरण में उच्च स्थान
(4) संख्यात्मक शक्ति
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**86. निम्नांकित में से किसने तीन तरह के परिवारों के बारे में बताया है: सरल, यौगिक और मिश्रित (कंपोज़िट)?**
(1) आई.पी. देसाई (2) पी.एच. प्रभु
(3) के.पी. चट्टोपाध्याय (4) इरावती कर्वे
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**87. यह किसने कहा कि "एक निश्चित समाज में मुख्य रूप से एक ही पद वाले व्यक्तियों के समूह को सामाजिक वर्ग कहा जाता है"?**
(1) टी.बी. बॉटमोर (2) मजूमदार एवं मदान
(3) पी. गिस्बर्ट (4) ऑगबर्न एवं निमकॉफ
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**88. निम्नलिखित में से कौन सामाजिक परिवर्तन की प्रेरक शक्ति के रूप में वर्ग संघर्ष का समर्थन करता है?**
(1) कार्ल मार्क्स (2) के. डेविस
(3) आर.के. मर्टन (4) टी. पार्सन्स
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**89. एस.सी. दुबे द्वारा बताई गई जाति की विशेषताओं के आधार पर, निम्नांकित में से कौनसा कथन गलत है?**
(1) जातियां झगड़ों को सुलझाने और सामाजिक नियंत्रण बनाए रखने के लिए अपनी खुद की व्यवस्था बना के रखती हैं।

(2) एक जाति की मिली-जुली संस्कृति और व्यवहार जैविक विरासत के माध्यम से हस्तांतरित होते हैं।
(3) एक जाति के सदस्य सामान्यतः अपने ही विशेष समूह में विवाह करते हैं।
(4) विभिन्न जातियों के मध्य अन्तःक्रिया पवित्रता और अपवित्रता की अवधारणा से बहुत ज़्यादा प्रभावित होती है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**90. समाज और समुदाय के संबंध में, निम्न तथ्यों में से कौनसा गलत है?**
(1) हम समुदाय के सदस्य हैं, समाज के नहीं
(2) समुदाय मूर्त होता है, जबकि समाज अमूर्त होता है
(3) एक समुदाय को देखा जा सकता है, लेकिन समाज को नहीं
(4) हर समाज का एक नाम होता है, लेकिन समुदाय का नहीं
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**91. एलेक्स इंकलेस के अनुसार, इनमें से किन विषयों की समाजशास्त्र के साथ भ्रमित (confused) होने की सम्भावना सबसे कम है?**
(1) इतिहास, मनोविज्ञान और राजनीति विज्ञान
(2) मनोविज्ञान, मानवशास्त्र और दर्शनशास्त्र
(3) भूगोल, विधि और अर्थशास्त्र
(4) अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान और इतिहास
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**92. किसने कहा है कि "समाजशास्त्र मानवीय अन्तःक्रियाओं, अन्तः सम्बन्धों, उनकी अवस्थाओं एवं परिणामों का अध्ययन है"?**
(1) हरबर्ट स्पेन्सर (2) ई. दुर्खीम
(3) मैक्स वेबर (4) एम. जिन्सबर्ग
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**93. ऑस्कर लुईस के अनुसार, जब गरीबी पीढ़ियों तक हस्तांतरित होती है, तो वह बन जाती है एक -**
(1) समुदाय (2) संस्कृति
(3) परम्परा (4) सभ्यता
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**94. ब्रह्मचर्य आश्रम में प्रवेश से पहले लड़के के लिए कौनसा संस्कार सम्पन्न किया जाता था?**
(1) समावर्तन (2) चूड़ा-कर्म
(3) उपनयन (4) निष्क्रमण
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**95. समाज का चार वर्णों में विभाजन का आधार क्या था?**
(1) लिंग विभाजन
(2) आयु विभाजन
(3) श्रम विभाजन
(4) सम्पत्ति विभाजन
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**96. निम्नांकित में से कौनसा एक (अभिप्रेरणा का सिद्धान्त - विचारक) सुमेलित नहीं है?**
(1) एक्स एवं वाई सिद्धान्त - मैक्ग्रेगर
(2) द्वि-घटक सिद्धान्त - फ्रेडरिक हर्जबर्ग
(3) आवश्यकताओं की क्रमबद्धता सिद्धान्त - मैस्लो
(4) ई.आर.जी. सिद्धान्त - मैक्लीलैण्ड
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**97. हरबर्ट साइमन के अनुसार, निर्णयों को किन दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है?**
(1) रणनीतिक और सामरिक
(2) संयोजित और असंयोजित
(3) केन्द्रीकृत एवं विकेन्द्रीकृत
(4) औपचारिक एवं अनौपचारिक (5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**98. निम्नलिखित में से कौन निर्णय निर्माण के गार्बेज कैन मॉडल से सम्बन्धित नहीं था?**
(1) मार्च (2) साइमन
(3) ओल्सेन (4) कोहेन
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**99. मूने के अनुसार, निम्नलिखित में से कौनसा स्टाफ का एक कार्य नहीं है?**
(1) नीति क्रियान्वयन (2) सूचनात्मक
(3) पर्यवेक्षकीय (4) परामर्शकारी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**100. राजस्थान के मुख्य सचिव के बारे में, निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्य नहीं है?**
(1) के. राधाकृष्णन राजस्थान के प्रथम मुख्य सचिव थे।
(2) मुख्य सचिव का कार्यकाल 3 वर्ष का होता है।
(3) राज्य के मुख्य सचिव का चयन मुख्यमंत्री द्वारा किया जाता है।
(4) 01 नवम्बर 1956 से पूर्व राजस्थान के मुख्य सचिव की नियुक्ति केन्द्र सरकार द्वारा की जाती थी।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**101. "प्रशासन का क्षेत्र व्यापार का क्षेत्र है और वह राजनीति की जल्दबाजी और संघर्षों से दूर होता है।" यह कथन किसका है?**
(1) एल.डी. व्हाइट (2) मार्शल ई. डिमॉक
(3) वुडरो विल्सन (4) ड्वाइट वाल्डो
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**102. लोकायुक्त संस्था, राजस्थान के बारे में निम्नांकित में से कौनसा एक कथन सही नहीं है?**
(1) लोकायुक्त संस्था का गठन राजस्थान लोकायुक्त तथा उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1973 के अंतर्गत हुआ।
(2) पाँच वर्ष से अधिक पुराने मामलों की शिकायत नहीं की जा सकती है।
(3) प्रथम लोकायुक्त न्यायमूर्ति श्री आई.डी. दुआ थे।
(4) सरपंच, पंच व विधायक इसके अधिकार क्षेत्र में आते हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**103. 1960 में, राजस्थान में पंचायतीराज संस्थाओं के प्रथम चुनाव किस संस्था द्वारा कराए गए थे?**
(1) राजस्थान निर्वाचन विभाग द्वारा
(2) राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा
(3) राजस्थान गृह विभाग द्वारा
(4) राजस्थान पंचायत विभाग द्वारा
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**104. निम्नलिखित में से कौन 'क्रिएटिव एक्सपीरियन्स' के लेखक हैं?**
(1) हरबर्ट साइमन (2) हेनरी फेयोल
(3) मार्शल ई. डिमॉक (4) मैरी पार्कर फोलेट
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**105. "यह एक धागा है, जिसके द्वारा विभिन्न हिस्से एक साथ सिले जाते हैं।" पदसोपान के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से यह किसने कहा?**
(1) साइमन (2) हेनरी फेयोल
(3) एम.पी. शर्मा (4) लैथम
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**106. राजस्थान सुनवाई का अधिकार अधिनियम, 2012 के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा राजस्व मामलों के लिए पंचायत स्तर पर निम्न में से किसको लोक सुनवाई अधिकारी अधिसूचित किया गया है?**
(1) पटवारी
(2) उपखण्ड अधिकारी (एस.डी.ओ.)
(3) तहसीलदार
(4) ग्राम सेवक (ग्राम विकास अधिकारी)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**107. प्रशासन पर न्यायिक नियंत्रण के अंतर्गत, निम्नलिखित में से कौनसा एक संवैधानिक उपचार नहीं है?**
(1) बंदी प्रत्यक्षीकरण (2) परमादेश
(3) अधिकार पृच्छा (4) अविश्वास प्रस्ताव
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**108. भारत में राज्य स्तर पर, निम्नलिखित में से कौनसा एक निदेशालय का कार्य नहीं है?**
(1) सरकार की नीतियों को निष्पादित करना
(2) प्रशासन के लिए मूल नीतियों की रचना करना
(3) नीति निर्माण के लिए आँकड़े एकत्रित करना
(4) सचिवालय को तकनीकी मामलों में परामर्श देना
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**109. "स्टाफ, कार्यपालिका के व्यक्तित्व का ही विस्तार है। इसका अर्थ है अधिक आँखें, अधिक कान और अधिक हाथ, जो कि उसको योजना बनाने तथा क्रियान्वित करने में सहायता दे सकें।" यह कथन किसका है?**
(1) लूथर गुलिक (2) हेनरी फेयोल
(3) मूने (4) एल.डी. व्हाइट
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**110. सूचना का अधिकार अधिनियम (आर.टी.आई. एक्ट), 2005 का कौनसा सेक्शन 'लोक सूचना अधिकारियों' के पदनाम का प्रावधान करता है?**
(1) अधिनियम का सेक्शन 5
(2) अधिनियम का सेक्शन 8
(3) अधिनियम का सेक्शन 15
(4) अधिनियम का सेक्शन 3
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**111. राजस्थान लोक सेवा गारंटीकृत वितरण अधिनियम, 2011 को राज्यपाल की अनुमति निम्नलिखित में से किस तिथि को प्राप्त हुई?**
(1) 05 अप्रैल 2011 (2) 21 अक्टूबर 2011
(3) 21 सितम्बर 2011 (4) 12 दिसम्बर 2011
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**112. "लोक प्रशासन वह प्रशासन है, जिसका सम्बन्ध सरकार के कार्यों से है, चाहे वह केन्द्रीय सरकार द्वारा सम्पादित हों या स्थानीय सरकार के द्वारा।" लोक प्रशासन को इन शब्दों में निम्न में से किसने परिभाषित किया?**
(1) मर्सन
(2) एल.डी. व्हाइट
(3) डिमॉक
(4) पर्सी मैकक्वीन
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**113. ग्रैकुनास सूत्र लोक प्रशासन के निम्नांकित में से किस एक सिद्धान्त से संबंधित है?**
(1) पदसोपान (2) आदेश की एकता
(3) प्रत्यायोजन (4) नियंत्रण का क्षेत्र
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**114. अनासक्ति-योग, गीता पर निम्न का अनुचिंतन ग्रन्थ है -**
(1) श्री अरविन्द (2) कृष्णचन्द्र भट्टाचार्य
(3) तिलक (4) गाँधी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**115. सुकरातीय विधि है -**
(a) आगमनात्मक (b) संदेहवादी
(c) व्याजोक्तिपरक (d) निगमनात्मक
(1) (a), (b) तथा (d) (2) (a), (c) तथा (d)
(3) (a), (b), (c) तथा (d) (4) (b), (c) तथा (d)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**116. महात्मा गाँधी के अहिंसा सम्बन्धी विचारों के संदर्भ में, मिथ्या कथन छांटिए -**
(1) अहिंसा का आधार मनुष्य का नैतिक व आध्यात्मिक बल है।
(2) अन्याय सहन करते हुए प्रतिरोध न करना ही अहिंसा है।
(3) अहिंसा के विचार में प्रेम, दया एवं सहानुभूति सम्मिलित हैं।
(4) सत्य और अहिंसा एक ही हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**117. 'व्रतानि' पद का संबंध निम्नलिखित में से किस भारतीय नैतिक सम्प्रत्यय से है?**
(1) दर्शनावरणीय कर्म (2) ऋत
(3) पुरुषार्थ (4) यज्ञ
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**118. निम्न में कौनसा तथ्य वैदिक अवधारणा ऋत के संदर्भ में सत्य नहीं है?**
(1) ऋत के सिद्धान्त में कर्म सिद्धांत का बीज अन्तर्भूत है।
(2) ऋत नैतिक नियम है।
(3) ऋत के संचालक वरुण देवता हैं।
(4) ऋत सृष्टि का मूल तत्व है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**119. कान्टीय नीतिशास्त्र के सन्दर्भ में, निम्न पर विचार करें -**
(a) कुछ कर्तव्य पूर्ण तथा कुछ अपूर्ण बंधकारी होते हैं।
(b) नैतिक संप्रत्ययों की चर्चा कांट की क्रिटिक ऑफ जजमेंट ग्रन्थ का मुख्य प्रतिपाद्य है।
(c) कांट का नीतिशास्त्र परिणाम-निरपेक्ष नैतिकता का आदर्श दृष्टान्त है।
(d) 'पूर्ण शुभ' की धारणा के लिए आत्मा का अमरत्व अनिवार्य है।
(1) (a), (b) तथा (c) सही हैं
(2) (a), (b), (c) तथा (d) सही हैं
(3) (a), (c) तथा (d) सही हैं
(4) (b), (c) तथा (d) सही हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**120. षड्-पारमिता की धारणा सम्बंधित है -**
(1) जैन नीतिशास्त्र
(2) वैदिक नीतिशास्त्र
(3) बौद्ध नीतिशास्त्र
(4) मीमांसा नीतिशास्त्र
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**121. कर्मवाद के अनुसार, निम्नलिखित में से क्या उपयुक्त नहीं है?**
(1) वर्तमान जीवन पूर्व कर्मों द्वारा निर्धारित है।
(2) कर्ता, कर्म चयन के लिए सदैव स्वतंत्र है।
(3) आगामी जीवन वर्तमान कर्मों द्वारा निर्धारित है।
(4) आत्मा शाश्वत रूप से कर्म चक्र से आबद्ध है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**122. बौद्ध दर्शन के आर्य अष्टांगिक मार्ग के अनुसार, अविद्या और तृष्णा का नाश क्रमशः निम्नलिखित में से किनके द्वारा होता है?**
(1) सम्यक् दृष्टि और सम्यक् संकल्प
(2) सम्यक् दृष्टि और सम्यक् स्मृति
(3) सम्यक् वाक् और सम्यक् व्यायाम
(4) सम्यक् स्मृति और सम्यक् समाधि
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**123. भारतीय नीतिशास्त्र में काम्य कर्म के कौनसे दो भेद स्वीकार किए गए हैं?**
(1) क्लिष्ट एवं अक्लिष्ट (2) प्रारब्ध एवं संचित
(3) वैदिक एवं लौकिक (4) सापेक्ष एवं निरपेक्ष
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**124. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म असंगत है?**
(1) स्वार्थमूलक सुखवाद - मॉरिट्ज़ श्लिक
(2) विकासवादी सुखवाद - हरबर्ट स्पेन्सर
(3) मनोवैज्ञानिक स्वार्थवाद - थॉमस हॉब्स
(4) बौद्धिक उपयोगितावाद - जेरेमी बेन्थम
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**125. निम्नलिखित में कौनसे कर्मों का नाश केवल उनके भोग द्वारा ही संभव है?**
(A) संचित कर्म (B) प्रारब्ध कर्म
(C) काम्य कर्म (D) निष्काम कर्म
सही विकल्प का चयन कीजिए:
(1) केवल (B), (C) और (D)
(2) केवल (A), (B) और (C)
(3) (A), (B), (C) और (D)
(4) केवल (A) और (C)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**126. "यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते" किस उपनिषद से है?**
(1) मुण्डक (2) छान्दोग्य
(3) तैत्तिरीय (4) बृहदारण्यक
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**127. 'तुम्हे भेड़ चुराने के लिए दण्ड नहीं दिया जा रहा, बल्कि इसलिए दिया जा रहा है, ताकि भविष्य में दूसरी भेड़े न चुराई जा सकें।' यह किस दण्ड सिद्धांत के निकटस्थ है?**
(1) प्रतिकारी सिद्धांत (2) सुधारात्मक सिद्धांत
(3) निरोधक सिद्धांत (4) निवारक सिद्धांत
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**128. बौद्ध नैतिक विचार में, 'ब्रह्मविहार' में निम्न में क्या सम्मिलित है / हैं?**
(A) प्राणीमात्र के लिए मैत्री (B) असाधुओं के लिए उपेक्षा
(C) दुःखियों के लिए करुणा (D) साधुओं के लिए मुदिता
**सही विकल्प का चयन करें -**
(1) (A) और (B) (2) केवल (A)
(3) (A), (B), (C) और (D) (4) (B), (C) और (D)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**129. पुरुषार्थ के संदर्भ में सत्य कथनों को छांटिए -**
(A) पुरुषार्थ की अवधारणा में प्रयत्नशीलता व उद्यमिता का विशेष महत्व है।
(B) पुरुषार्थ मानव स्वभाव पर आधारित मूल्य है।
(C) श्रेयस के साधक ही सच्चे अर्थ में पुरुषार्थी हैं।
(D) पुरुषार्थ की अवधारणा पूर्णतः भौतिक विकास पर जोर देती है।

(1) (A), (C) और (D) (2) (A), (B) और (C)
(3) (B), (C) और (D) (4) (A), (B) और (D)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**130. कार्टेशियन विधि को कभी-कभी निम्न का संयोग माना जाता है-**
(a) निगमन (b) आगमन
(c) अन्तःप्रज्ञा
(1) (a) तथा (b)
(2) (a) तथा (c)
(3) (b) तथा (c)
(4) (a), (b) तथा (c)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**131. सामाजिक अध्ययन पाठ्यक्रम के अन्तर्गत, टेलीविज़न मुख्य रूप से "वैश्विक नागरिकता को बढ़ावा देने" में कैसे सहायता करता है?**
(1) विख्यात व्यक्तियों के विविध दृष्टिकोणों और विभिन्न संस्कृतियों का ज्ञान प्रस्तुत करके
(2) केवल मनोरंजन पर ध्यान केन्द्रित करके
(3) पारंपरिक पाठ्यपुस्तकों को प्रतिस्थापित करके
(4) स्थानीय समाचारों तक ध्यान केन्द्रित करके
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**132. "ब्लूप्रिंट" (विनिर्देश तालिका) तैयार करने में, कोष्ठकों में निम्नलिखित में से क्या दर्शाया जाता है?**
(1) प्रश्नों का क्रम सरल से कठिन की ओर
(2) पेपर सेट करने वाले शिक्षकों के नाम
(3) विशिष्ट इकाइयों और उद्देश्यों को दिया गया प्रतिशत भार
(4) परीक्षण किये जाने वाले छात्रों की कुल संख्या
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**133. निम्नलिखित में से कौनसी विशिष्ट विशेषता "फ्लिप चार्ट" से संबंधित है?**
(1) उसमें शीर्ष पर बंधी हुई शीटों की एक श्रृंखला होती है, जिन्हें प्रस्तुति के दौरान पलट दिया जाता है।
(2) वे हमेशा इलेक्ट्रॉनिक होते हैं।
(3) उनका उपयोग विशेष रूप से राजनीतिक प्रचार के लिए किया जाता है।
(4) वे वस्तुओं की त्रि-आयामी प्रतिकृतियां होती हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**134. कक्षा में प्रदर्शन विधि के प्रयोग के दौरान, हालांकि शिक्षक का व्यवहार सत्तावादी हो सकता है, किन्तु उसे आमंत्रित करना चाहिए -**
(1) केवल लिखित फीडबैक
(2) छात्रों से मौन
(3) मार्गदर्शन के बिना स्वतंत्र अध्ययन
(4) शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में शिक्षार्थियों का सहयोग
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**135. सतत एवं व्यापक मूल्यांकन के अन्तर्गत, सतत मूल्यांकन शब्द से तात्पर्य है -**
(a) अविरत आंकलन
(b) जीवन कौशल एवं पाठ्य सहगामी गतिविधियाँ
(c) विकास के सभी पक्ष (d) नियमित प्रतिपुष्टि
सही कूट का चयन कीजिए:
(1) केवल (a) एवं (d) (2) केवल (a)
(3) केवल (a) एवं (b) (4) केवल (a), (c) एवं (d)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**136. 'प्रायोजना विधि के अन्तर्गत, विद्यार्थी विषयों का अध्ययन अलग-अलग न करके, किसी समस्या समाधान के दौरान सभी विषयों का मिश्रित ज्ञान प्राप्त करते हैं।' यह कथन प्रायोजना विधि के किस सिद्धांत को संदर्भित करता है?**
(1) सामाजिकता का सिद्धांत (2) समन्वय का सिद्धांत
(3) आधिक्य का सिद्धांत (4) क्रियाशीलता का सिद्धांत
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**137. निम्नलिखित में से कौनसा पाठ योजना के हर्बर्टियन उपागम की विशेषता नहीं है?**
(1) विषयवस्तु के प्रस्तुतीकरण पर ज़्यादा जोर दिया जाता है।
(2) यह विधि विषयवस्तु केन्द्रित है।
(3) यह उपागम समझ स्तर तक सीमित है।
(4) विद्यार्थियों की रुचि एवं योग्यताओं पर ध्यान नहीं दिया जाता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**138. निम्नलिखित में से कौनसा / से किसी उपलब्धि परीक्षण के अंतर्गत, "प्रत्यास्मरण प्रकार" का/के प्रश्न नहीं है/हैं?**
(a) लघु उत्तरात्मक (b) नियंत्रित पूर्ति
(c) सत्य/असत्य (d) बहुवैकल्पिक
**सही कूट का चयन कीजिए:**
(1) केवल (d) (2) केवल (a) एवं (b)
(3) केवल (c) एवं (d) (4) केवल (b) एवं (c)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**139. सामाजिक विज्ञान की कक्षा में, शिक्षक/शिक्षिका ने विद्यार्थियों को उस प्रकरण का सारांश प्रस्तुत करने को कहा, जिसे उसने पढ़ाया था। ब्लूम के वर्गीकरण के अनुसार, यह संज्ञानात्मक क्षेत्र के किस उद्देश्य से संबंधित है?**
(1) सृजन करना (2) अनुप्रयोग करना
(3) अवबोध (4) मूल्यांकन करना
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**140. निम्नलिखित में से कौनसा एक सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम का उद्देश्यों की दृष्टिकोण से सिद्धांत नहीं है?**
(1) जीवन के साथ संबंध का सिद्धांत
(2) समय और स्थान की निकटता का सिद्धांत
(3) व्यापकता का सिद्धांत
(4) समन्वय का सिद्धांत (5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**141. दूरस्थ शिक्षा में, वृत्तचित्रों को महत्वपूर्ण क्यों माना जाता है?**

(1) क्योंकि उन्हें महत्वपूर्ण सोच की आवश्यकता नहीं होती
(2) क्योंकि वे हमेशा नियमित पाठों से छोटे होते हैं
(3) विभिन्न सीखने की शैलियों को समायोजित करने वाला बहुसंवेदी अनुभव प्रदान करते हैं
(4) क्योंकि उन्हें किसी तकनीकी की आवश्यकता नहीं होती
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**142. निम्नलिखित में से कौनसा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (NCF)-2005, सामाजिक विज्ञान फोकस समूह की रिपोर्ट का सुझाव नहीं है?**

(1) पाठ्यपुस्तकों को सामाजिक मुद्दों को समझने के एक साधन के रूप में देखना
(2) स्थानीय परिप्रेक्ष्य के स्थान पर राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य को महत्व देना
(3) उपयोगितावाद से समतावाद की ओर रुझान में बदलाव
(4) पाठ्यपुस्तक को बंद बॉक्स नहीं बल्कि एक गतिशील दस्तावेज बनाना
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**143. शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के लिए "ब्लॉग" का उपयोग करने का एक प्रमुख लाभ क्या है?**

(1) यह शिक्षण डिग्री की आवश्यकता को प्रतिस्थापित करता है।
(2) शिक्षण समुदाय के साथ अनुभव, विचार और पाठ योजनाएं साझा करना।
(3) यह केवल निजी पढ़ने की अनुमति देता है।
(4) यह केवल ऐतिहासिक आँकड़ों के लिए उपयोगी है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**144. निम्नलिखित में से कौनसे एक सफल पाठ योजना में क्रमबद्ध रूप से एकीकृत मुख्य घटक हैं?**

(1) शिक्षक, शिक्षार्थी, पाठ्यपुस्तक, श्यामपट्ट
(2) विषयवस्तु विश्लेषण, अधिगम उद्देश्य, शिक्षण-अधिगम क्रियाएँ, उपलब्धि आंकलन रणनीतियां
(3) तैयारी, अनुप्रयोग, प्रस्तुतीकरण, मूल्यांकन
(4) प्रस्तावना, मुख्य भाग, गृहकार्य, निष्कर्ष
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**145. एक सामाजिक विज्ञान का अध्यापक जनसंख्या प्रति व्यक्ति आय इत्यादि को बार ग्राफ पर प्रदर्शित करने हेतु गणित के संप्रत्ययों का प्रयोग करता है, दो विषयों का इस तरह का सह-संबंध कहलाता है -**

(1) मुक्त पार्श्व सह-संबंध
(2) ऊर्ध्वाधर सह-संबंध
(3) क्षैतिज सह-संबंध
(4) व्यावहारिक जीवन के साथ सह-संबंध
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**146. मॉरिसन के अनुसार, निम्नलिखित में से कौनसा इकाई उपागम का पद नहीं है?**

(1) संगठन (2) तुलना
(3) आवृत्ति या अभिव्यक्तिकरण
(4) आत्मीकरण (5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**147. निम्नलिखित में से कौनसा सामाजिक अध्ययन में मूल्यांकन का उद्देश्य नहीं है?**

(1) विद्यार्थियों में सीखने की समस्या का निदान करना और समस्या की गंभीरता का पता लगाना
(2) विद्यार्थियों को ग्रेड प्रदान करना
(3) यह पता लगाना कि विद्यार्थी सीखने के अनुभवों के लिए किस हद तक तैयार हैं
(4) विद्यार्थियों की आवश्यकताओं एवं स्तरों की पहचान करना
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**148. सामाजिक विज्ञान शिक्षण को बच्चे में "नैतिक ऊर्जा" अन्तर्निविष्ट करना चाहिए। इस नैतिक ऊर्जा का उद्देश्य है -**

(1) बच्चे को उन सामाजिक शक्तियों से निपटने के लिए सशक्त बनाना जो मानवीय मूल्यों को खतरे में डालती हैं।
(2) बिना किसी आलोचनात्मक विश्लेषण के विरासत की भावना पैदा करना।
(3) बच्चे को शैक्षणिक विषयों को प्रभावी ढंग से याद करने में सक्षम बनाना।
(4) बच्चे को सभी मौजूदा सामाजिक शक्तियों के अनुरूप ढलने में मदद करना।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**149. सामाजिक विज्ञान के साथ "ललित कला" को शामिल करने का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

(1) यह सुनिश्चित करना कि बच्चे केवल अपनी संस्कृति के बारे में सीखें।
(2) जन्मजात इच्छाओं को परिष्कृत करना और उन्हें सामाजिक रूप से उपयोगी गतिविधियों की ओर मोड़ना।
(3) ऐतिहासिक अध्ययनों को सौंदर्यशास्त्रीय अध्ययनों से बदलना।
(4) बच्चों को पेशेवर कलाकार बनाना।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**150. निम्नलिखित में से कौनसा सामाजिक विज्ञान में व्याख्यान विधि का एक लाभ नहीं है?**

(1) इस विधि से विद्यार्थियों के समक्ष व्यापक विषयवस्तु को संक्षेप में प्रस्तुत किया जा सकता है।
(2) यह शिक्षण की एक बाल केन्द्रित विधि है।
(3) यह विधि उच्च कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए उपयुक्त है।
(4) इस विधि से महत्वपूर्ण पक्षों को प्रस्तुत कर समय और ऊर्जा दोनों की बचत होती है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

♦♦♦♦♦